

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...

1 अक्टूबर, 2023

***प्रिय साथियों,***

सर्वप्रथम, मैं श्री राज कुमार चौधरी को निदेशक (तकनीकी) का कार्यभार संभालने पर बधाई देता हूँ। श्री चौधरी डिजाइन, निर्माण और कमीशनिंग में गहन अनुभव के साथ जलविद्युत क्षेत्र के एक बेहद निपुण पेशेवर हैं और उन्होंने भारत और भूटान में जलविद्युत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुझे यकीन है कि एनएचपीसी को उनके विशाल अनुभव और तकनीकी क्षमता से अत्यधिक लाभ मिलेगा।

वर्तमान में हमारी दो प्रमुख परियोजनाएं अर्थात 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना और 800 मेगावाट की पार्बती-II जलविद्युत परियोजना निर्माण के महत्वपूर्ण चरण में हैं। इन परियोजनाओं में आई विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के बावजूद, एनएचपीसी इन परियोजनाओं के महत्वपूर्ण घटकों को पूरा करने में सफल हुई है और अगले वर्ष कमीशनिंग होने के लिए तैयार हैं। हालाँकि, हमारे द्वारा किया गया कठिन श्रम तभी सफल होगा जब एनएचपीसी द्वारा विद्युत मंत्रालय को दी गई समय सीमा में और अधिक देरी न हो। सीमित कामकाजी मौसम के कारण आगामी महीने विशेष रूप से सुबनसिरी जलविद्युत परियोजना के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। इसलिए, हमारे लिए यह आवश्यक है कि हम स्वयं को प्रेरित रखें और अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रख कर काम की प्रगति को सतत गति से जारी रखें ताकि इन प्रतिष्ठित परियोजनाओं में और अधिक देरी न हो।

एनएचपीसी का शीर्ष प्रबंधन लगातार मौके पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहा है और हमारी परियोजनाओं के निर्माण या हमारे प्रचालित पावर स्टेशनों पर किसी भी मुद्दे से संबंधित किसी भी मामले में मार्गदर्शन और समर्थन के लिए हमेशा उपलब्ध है।

पार्बती-II जलविद्युत परियोजना में, टीबीएम हिस्से से एचआरटी की खुदाई का कार्य दिनांक 27.09.2023 को पूरा हो गया है। यह उपलब्धि विभिन्न चुनौतियों और कठिन भूवैज्ञानिक परिस्थितियों के बावजूद हासिल की गई है और यह परियोजना को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक होने के नाते एनएचपीसी संकट के क्षणों में बड़े पैमाने पर समाज की सहायता करने में विश्वास रखता है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि एनएचपीसी के पार्बती-III पावर स्टेशन ने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में प्राकृतिक आपदा के कारण नष्ट हुए ब्रिज के स्थान पर नया बेली ब्रिज बनाने के लिए 2.68 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता स्थानीय प्रशासन को प्रदान की है।

श्री मोहम्मद अफजल, संयुक्त सचिव (हाइड्रो), विद्युत मंत्रालय, श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) और श्री आर.के. चौधरी, निदेशक (तकनीकी) ने 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया और निर्माण गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। संयुक्त सचिव (हाइड्रो) ने कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और फरवरी 2024 तक दो यूनिटों की कमीशनिंग किए जाने की इच्छा जताई। संयुक्त सचिव (हाइड्रो) ने निदेशक (तकनीकी) और कार्यपालक निदेशक, सुबनसिरी लोअर जलविद्युत के साथ रेशम उत्पादन आजीविका हस्तक्षेप परियोजना का भी दौरा किया और कमालपुर गांव (असम) में एरी पालन ट्रे वितरित किए। यह परियोजना डाउनस्ट्रीम विकास कार्यों के तहत एनएचपीसी द्वारा प्रायोजित है और इससे 2000 महिलाएं लाभान्वित हुई हैं।

एनएचपीसी ने डीपीई, भारत सरकार द्वारा 25 से 26 सितंबर 2023 तक नई दिल्ली में आयोजित 'आकांक्षी जिलों पर विशेष फोकस के साथ सीएसआर और प्रदर्शनी 2023 के अवसर पर सीपीएसई गोलमेज सम्मेलन' में भाग लिया। इस अवसर पर एनएचपीसी की सीएसआर गतिविधियों और पहलों को दर्शाने वाला एक विशेष पैवेलियन भी स्थापित किया गया। एनएचपीसी के सीएसआर पैवेलियन का उद्घाटन माननीय वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार, डॉ. भागवत किशनराव कराड के कर-कमलों द्वारा किया गया। श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) ने 26 सितंबर 2023 को एनएचपीसी सीएसआर पैवेलियन का दौरा किया और कार्यपालक निदेशक (सीएसआर) ने सीपीएसई गोलमेज सम्मेलन और प्रदर्शनी के 'एक्सपेक्टेड टेकअवेज' पर पैनल चर्चा में भाग लिया एवं एनएचपीसी के विभिन्न सीएसआर पहलों और सीएसआर के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों पर प्रकाश डाला।

श्री संतोष कुमार, आईएफएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएचपीसी की पहल पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 की प्रस्तावना के रूप में सितंबर 2023 के दौरान विभिन्न सतर्कता निवारक जागरूकता उपाय किए गए हैं। इनमें तकनीकी मामले "सार्वजनिक खरीद" पर व्याख्यान सत्र और 'बिजली क्षेत्र में नवीन प्रणालीगत सुधार उपायों सहित सतर्कता प्रशासन में सर्वोत्तम कार्यप्रणाली' विषय पर विचार-मंथन सत्र शामिल था।

सितम्बर 2023 माह के दौरान राजस्व संग्रह 1151.83 करोड़ रुपये रहा।
सितंबर 2023 की समाप्ति पर सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 16797.4 एमयू रहा।

**माह की अन्य प्रमुख विशेषताएं हैं:**

- दिनांक 21 सितंबर 2023 को डॉ. अमित कंसल, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी और कार्यपालक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, जम्मू ने श्री हरभजन सिंह, माननीय विद्युत मंत्री, पंजाब, श्री तेजवीर सिंह, प्रधान सचिव, पंजाब, सीएमडी, पीएसपीसीएल और निदेशक (उत्पादन) पीएसपीसीएल से मुलाकात की और एनएचपीसी द्वारा पंजाब में विद्युत परियोजनाओं के विकास के बारे में चर्चा की।
- एनएचपीसी की नेपाल परियोजनाओं के प्रमुख ने 14 सितंबर 2023 को नेपाल के माननीय ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री श्री शक्ति बहादुर बस्नेत से मुलाकात की और उन्हें नेपाल में एनएचपीसी परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया।
- एनएचपीसी पीएससीबी के तत्वाधान में आयोजित ब्रिज टूर्नामेंट में कुल 8 पुरस्कारों में से 4 पुरस्कार जीतकर दूसरे स्थान पर रही।
- एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों पर हिंदी पखवाड़ा पूरे उत्साह के साथ मनाया गया।
- एनएचपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जलपावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (जेपीसीएल) की 19वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 2 सितंबर 2023 को आयोजित की गई।
- सुश्री बृष्टि मुखर्जी, एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलर ने जमशेदपुर में आयोजित एशियन जूनियर गर्ल्स शतरंज चैंपियनशिप में क्लासिकल इवेंट में रजत पदक और ब्लिट्ज इवेंट में कांस्य पदक जीता।
- 17 सितंबर 2023 को एनएचपीसी में विश्वकर्मा पूजा समारोह आयोजित किया गया।
- मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को नवरात्रि, दुर्गा पूजा और दशहरा के शुभ अवसरों पर शुभकामनाएं देता हूं।

आपका,

राजीव विश्नोई

**(आर.के. विश्नोई)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**